

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Aligarh: पेट्रोल पंप संचालक की गला रेतकर निर्मम हत्या
### आंखें फोड़ीं; दो आरोपी हिरासत में, मुख्य आरोपी फरार



अलीगढ़। थाना क्वार्सी क्षेत्र के चिलकौरा की नगरिया में मंगलवार को 55 वर्षीय पेट्रोल पंप संचालक नरोत्तम सिंह की बेहद निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने पहले धारदार हथियार से उनका गला रेता और फिर आंखें भी फोड़ दीं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक नरोत्तम सिंह धौर्रा माफी के निवासी थे और “सिटी एनर्जी” नाम से पेट्रोल पंप संचालित करते थे। परिजनों के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मुख्य आरोपी अपने एक साथी के साथ उनके घर पहुंचा और चिलकौरा स्थित अपने निर्माणाधीन मकान तक छोड़ने की बात कही। नरोत्तम अपनी स्कूटी से उन्हें वहां छोड़ने गए, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। जब परिजनों ने संपर्क करने की कोशिश की और कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। जानकारी मिलने पर परिजन निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे, जहां ताला लगा मिला। दोपहर करीब 3:30 बजे ताला खुलवाने पर अंदर नरोत्तम का लहूलुहान शव पड़ा मिला।

शव मिलने की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर एक घंटे तक शव नहीं उठने दिया और प्रदर्शन किया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। अधिकारियों के समझाने के बाद स्थिति शांत हुई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी के दो परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि मुख्य आरोपी फरार बताया जा रहा है। सीओ तृतीय सर्वम सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जमीन और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है। फिलहाल परिजनों की लिखित तहरीर का इंतजार है, जिसके बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## Uttarakhand: केदारनाथ धाम के कपाट खुले



### जय बाबा केदार के जयघोष के बीच यात्रा का शुभारंभ

केदारनाथ/देहरादून। हिमालय की पावन वादियों में स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार सुबह शुभ मुहूर्त में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह ठीक आठ बजे जैसे ही कपाट खुले, पूरा मंदिर परिसर “हर-हर महादेव” और “जय बाबा केदार” के जयघोष से गूंज उठा। इसी के साथ केदारनाथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया। हजारों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने और दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिर को इस अवसर पर करीब 51 कुंतल रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिसने धाम की आभा को और दिव्य बना दिया। कपाटोद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और देश की उन्नति की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कपाट खुलने से एक दिन पूर्व बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर से रवाना होकर 17 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा तय करते हुए जंगलचट्टी, रामबाड़ा, लिनचोली और बेस कैंप से होकर केदारपुरी पहुंची। धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर डोली का भव्य स्वागत किया। डोली ने मंदिर की परिक्रमा की और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भंडार गृह में प्रवेश किया।

समारोह के दौरान 8वीं सिखलाई रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुनों और डमरू की गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस, आईटीबीपी और प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह मुस्तैद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए पांच संकल्प अपनाने की अपील की, जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, सेवा-भाव और यात्रा नियमों का पालन शामिल है। कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है और देश-विदेश से श्रद्धालुओं का धाम पहुंचना लगातार जारी है। बाबा केदार के दर्शन के लिए उमड़ी आस्था की यह भीड़ एक बार फिर हिमालय की वादियों को भक्तिमय बना रही है।



## Train Update
### प्रयागराज स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग, अलीगढ़ से गुजरने वाली आठ ट्रेनों के रूट बदले



अलीगढ़। उत्तर मध्य रेलवे के अनुसार प्रयागराज स्टेशन पर चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। इस कार्य का असर अलीगढ़ से होकर गुजरने वाली आठ ट्रेनों पर पड़ा है। नई व्यवस्था के तहत कई ट्रेनें प्रयागराज की बजाय लखनऊ, मानिकपुर, झांसी और अन्य वैकल्पिक मार्गों से चलाई जाएंगी। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि Poorva Express (12381) 26, 29 और 30 अप्रैल को तथा Poorva Express (12382) 24, 27 और 28 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। इसके अलावा Seemanchal Express (12487) और North East Express (12505) 29 अप्रैल को बदले रूट से चलेंगी, जबकि Seemanchal Express (12488), Nandan Kanan Express (12816) और North East Express (12506) 30 अप्रैल को अपने निर्धारित दिल्ली–गाजियाबाद–अलीगढ़ मार्ग के बजाय गाजियाबाद–मुरादाबाद–लखनऊ रूट से संचालित होंगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति अवश्य जांच लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## Pahalgam Terror Attack
### ऑपरेशन सिंदूर से ऑप महादेव तक, ऐसे लिया भारत ने बदला



22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक कर ऑपरेशन सिंदूर चलाया और कई ठिकानों को तबाह किया। पाकिस्तान की जवाबी कोशिशें भारतीय वायु रक्षा के आगे नाकाम रहीं और आखिरकार उसे युद्धविराम की अपील करनी पड़ी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने देश में छिपे हमलावरों को खत्म करने के लिए ऑपरेशन महादेव शुरू किया। 93 दिनों तक चले अभियान में ड्रोन और विशेष बलों की मदद से तीनों आतंकियों को दाचीगाम के जंगलों में मार गिराया गया। इस तरह भारत ने पहलगाम हमले का सैन्य और रणनीतिक दोनों स्तर पर जवाब दिया।

# Aaj Ka Rashifal 22 April

## इन चार राशियों को करियर-कारोबार में मिल सकती है बड़ी सफलता,

22 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 22 अप्रैल 2026 का राशिफल।आज वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि रात 10 बजकर 49 मिनट तक रहेगी, उसके बाद सप्तमी तिथि की शुरुआत होगी। इस दिन चंद्रमा का गोचर मिथुन राशि में होगा।



### मेष

आज का दिन करियर और रोजगार के लिहाज से आपके लिए शानदार अवसर लेकर आया है। मामा पक्ष से धन लाभ के संकेत मिल रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को दूर करने के लिए आप किसी खास व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं और समाधान भी निकल आएगा। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के दरवाजे खुलेंगे और मेहनत का पूरा फल मिलेगा। पेंडिंग कामों को निपटाने में आज आप तेजी दिखाएंगे और सफलता भी हाथ लगेगी।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। कई स्रोतों से आय होने के योग हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से दिल खुश हो जाएगा। भगवान की भक्ति में मन लगेगा, जो आपको मानसिक शांति देगा। लेकिन संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है। उन्हें सही दिशा देना जरूरी होगा। ध्यान रखें, कामों में दूसरों पर निर्भरता कम रखें और खुद जिम्मेदारी संभालें।

### मिथुन

आज बिजनेस में बड़ा फैसला लेने का दिन है। लंबे समय से अटकी हुई डील फाइनल हो सकती है और नए अवसर आपके सामने आएंगे। संतान की पढ़ाई से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। हालांकि, पैसों के लेन-देन में सावधानी जरूरी है। भाई-बंधुओं का पूरा साथ मिलेगा, जिससे आपके काम आसान हो जाएंगे।

### कर्क

आज का दिन थोड़ा संतुलन मांगता है। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा, नहीं तो बजट बिगड़ सकता है। लाइफस्टाइल सुधारने के चक्कर में खर्च बढ़ सकते हैं। किसी मित्र से हल्की कहासुनी हो सकती है, इसलिए शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। आसपास के लोगों को पहचानें और अजनबियों पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचें। यही समझदारी है।

### सिंह

आज आपके लिए धन और सफलता के दरवाजे खुल रहे हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी और इनकम में बढ़ोतरी होगी। रुके हुए सरकारी काम पूरे हो सकते हैं। मेहनत का फल मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। संतान की ओर से कोई खुशखबरी आपका दिन बना देगी। पैतृक संपत्ति के मामलों में जीत के संकेत हैं। साथ ही, भगवान की भक्ति में मन लगाकर आप मानसिक शांति भी पाएंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए जीत का संदेश लेकर आया है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है और इनकम में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और मन में प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना जरूरी है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को खुशखबरी मिल सकती है। दोस्तों से बेवजह बहस करने से बचें।

### तुला

आज का दिन व्यापार में सफलता दिलाने वाला है। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने के प्रबल योग हैं। परिवार में चल रही समस्याएं दूर होंगी और माहौल खुशनुमा बनेगा। किसी को दी गई जिम्मेदारी अच्छे से निभाई जाएगी। माता-पिता की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। लेकिन विरोधियों की बातों में आकर कोई गलत कदम न उठाएं।

### वृश्चिक

आज थोड़ा सतर्क रहने का दिन है। वाहन में खराबी या अचानक खर्च बढ़ सकता है। सेहत को लेकर भी ध्यान देना जरूरी है। जीवनसाथी के साथ प्रेम और समझदारी बनी रहेगी। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचें। खानपान पर नियंत्रण रखें। संतान से जुड़ा कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है, जो उनके भविष्य के लिए अहम होगा। पुराने दोस्त से मुलाकात मन को खुश कर देगी।

### धनु

आज तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। व्यापार में सफलता मिलेगी और नए मित्र बनेंगे, जो भविष्य में मददगार साबित होंगे। साल की शुरुआत में कोई सरप्राइज गिफ्ट भी मिल सकता है। जीवनसाथी की सेहत में सुधार होगा। नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। प्रॉपर्टी खरीदने के लिए समय अनुकूल है, बस खर्चों पर संतुलन बनाए रखें।

### मकर

आज का दिन थोड़ा सावधानी से चलने का है। काम का दबाव ज्यादा रहेगा और पुराने लेन-देन परेशानी दे सकते हैं। लेकिन माता-पिता के आशीर्वाद से रुके हुए काम पूरे होंगे। वरिष्ठ लोगों से बात करते समय सोच-समझकर बोलें। आपकी नई कोशिशें रंग लाएंगी और पुराने मित्र से मुलाकात आपको खुशी देगी।

### कुंभ

आज बिजनेस में सफलता के संकेत हैं। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे चलकर लाभ देगी। दूसरों के मामलों में बोलने से बचें। विद्यार्थियों के लिए नया सीखने और आगे बढ़ने का समय है। पिताजी से बात करते समय संयम रखें। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

### मीन

आज का दिन नए सपनों को सच करने का है। नया घर खरीदने के लिए समय अनुकूल है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सहयोग बढ़ेगा। परिवार में चल रही समस्याएं खत्म होंगी और शांति का माहौल बनेगा। मां से किसी जरूरी विषय पर बातचीत होगी। यात्रा के दौरान अपने सामान का ध्यान रखें। बिजनेस में कोई बड़ा फैसला लेने से पहले पार्टनर की सलाह जरूर लें।यही आपको सफलता दिलाएगा।

# यूपी: प्रदेश में प्रचंड गर्मी का अलर्ट,

## इन जिलों में लू चलने की चेतावनी; बदला गया सरकारी-निजी स्कूलों का समय



यूपी में गर्मी का सितम समय से पहले आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार 25 अप्रैल तक गर्मी का क्रम लगातार बढ़ता ही जाएगा।भीषण गर्मी ने यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों ने अपने पांव पसार लिए हैं। बुधवार की सुबह सात बजे से ही तीखी धूप लोगों को परेशान कर रही है। बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश से सटे कुछ दक्षिणी जिलों में गर्म हवा और लू के थपेड़े और तपिश लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए यूपी के 32 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया है।पूर्वानुमान है कि फिलहाल 25 अप्रैल तक प्रचंड गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मंगलवार को 44.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं 43.4 डिग्री के साथ सुल्तानपुर प्रदेश में दूसरे नंबर पर रहा। प्रयागराज में 43.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी में शुष्क पछुआ हवाओं और मौसम के प्रभाव से कई जिलों में लू चलने की स्थिति बन गई है। 26 अप्रैल से एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की सक्रियता बढ़ सकती है।प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी. सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर व आस पास के क्षेत्र जिले में प्री-प्राइमरी से कक्षा आठ तक के सभी बोर्ड के सरकारी, गैर सरकारी और निजी विद्यालय 22 अप्रैल से सुबह 7:30 बजे से 12:30 बजे तक ही संचालित होंगे। जिलाधिकारी विशाख जी ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

# UP:टक्कर से आठ फीट हवा में उछला कारोबारी

## चेकिंग से बचने के लिए दरोगा पर चढ़ाई बोलेरो, फूल सिंह की मौत



कानपुर में चेकिंग कर रहे दरोगा को कुचलने का प्रयास किया और फिर भागे बोलेरो सवारों ने टेंट कारोबारी को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बोलेरो की टक्कर से कारोबारी आठ फीट हवा में उछल गया था। कानपुर के बिठूर में सोमवार देर रात चेकिंग कर रहे दरोगा को कुचलने का प्रयास कर भागे बोलेरो सवारों ने टेंट कारोबारी को रौंद दिया। रास्ते में एक टेंट कर्मी को भी टक्कर मारी। कुछ मीटर आगे पांडु नदी के किनारे बोलेरो खाई में पलट गई। उसमें सवार तीन लोग भाग निकले। गंभीर रूप से घायल दरोगा को गंभीर हालत में नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात पर जानलेवा हमला करने की एफआईआर दर्ज की है। कल्याणपुर बिठूर सीमा पर सोमवार देर रात करीब एक बजे टिकरा चौकी इंचार्ज बालेंद्र सिंह, एसआई प्रदीप कुमार सिपाहियों के साथ संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। आईआईटी नहरिया पुल की ओर से आ रही मैरून रंग की तेज रफ्तार बोलेरो को एसआई प्रदीप कुमार ने टॉर्च से रुकने का इशारा किया तो चालक ने स्पीड और बढ़ा दी। सामने आए प्रदीप कुमार पर गाड़ी चढ़ाते हुए भाग निकले।दरोगा की दाहिनी जांघ पहिया के नीचे आ गई, जबकि गिरने से कंधे और अन्य जगह चोटें आईं। उन्हें सिंहपुर के नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया। करीब ढाई किलोमीटर दूर टिकरा बाजार में बरात में लाइट लेकर चल रहे युवक को भी चपेट में ले लिया। इसके बाद थोड़ी दूरी पर कल्याणपुर के कश्यप नगर निवासी टेंट कारोबारी फूल सिंह कुश्वाहा (51) को रौंद दिया।घटना के बाद बोलेरो पांडु नदी पुल के पास खाई में पलट गई। नजदीक ही शादी समारोह चल रहा था।

# राजा शिवाजी' में है भारी-भरकम कास्ट



'राजा शिवाजी' इस साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं। वही इस फिल्म के निर्देशक भी हैं। यह फिल्म 1 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए, अभिनेता ने कथित तौर पर 15 करोड़ रुपये से 18 करोड़ रुपये के बीच फीस ली है। आइए जानते हैं दूसरे कलाकारों ने कितनी फीस ली है?इस फिल्म से जेनेलिया देशमुख अपने पति रितेश के साथ पर्दे पर वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री सईबाई भोसले की भूमिका निभाती नजर आएंगी। टाइम्स नाउ के मुताबिक उन्होंने अपनी भूमिका के लिए 1से 2 करोड़ रुपये की फीस ली है। अभिषेक बच्चन संभाजी शाहजी भोसले के रूप में नजर आएंगे। यह अभिनेता 'राजा शिवाजी' के साथ मराठी फिल्मों में अपना डेब्यू कर रहे हैं। बताया जाता है कि उन्होंने 6 से 8 करोड़ रुपये तक फीस ली है।इस फिल्म में संजय दत्त अफजल खान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस ऐतिहासिक ड्रामा में उनके किरदार के लिए अभिनेता को कथित तौर पर 8 से 10 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।महेश मांजरेकर 'राजा शिवाजी' में लखुजी जाधव का किरदार निभा रहे हैं। इस दिग्गज अभिनेता को इसमें अभिनय के लिए कथित तौर पर 2 से 3 करोड़ रुपये मिले हैं।

# अजमेर दरगाह में धक्का देकर पहुंचे गए शाहरुख, पुलिस ने की लाठीचार्ज




एक स्टार या पब्लिक फिगर होने का एक नुकसान यह है कि उन्हें भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने में दिक्कत होती है। ऐसे कई मौके याद आते हैं जब भीड़ ने एक्टर्स को घेर लिया और उससे अफरा-तफरी मच गई। इस तरह की कई कहानियां भी सुनने को मिलती हैं।

हाल ही में एक बातचीत में सेलिब्रेटी बॉडीगार्ड यूसुफ इब्राहिम ने बताया कि जब अजमेर दरगाह में शाहरुख खान पहुंचे तो वहां कैसा नजारा था।कभी शाहरुख खान के बॉडीगार्ड रहे यूसुफ ने स्क्रीन से बातचीत में बताया कि वह और उनकी टीम एक शुक्रवार को शाहरुख खान के साथ अजमेर शरीफ दरगाह गए थे। जब शाहरुख खान यहां पहुंचे तो भीड़ बेकाबू हो गई। उन्होंने कहा 'मेरी जिंदगी में सिर्फ एक ही ऐसा मौका आया, जब हालात काबू से बाहर हो गए। हम एक शुक्रवार को, दोपहर करीब 12:30 बजे, शाहरुख खान के साथ अजमेर

उन्होंने आगे बताया 'पुलिस के दखल के बावजूद हालात को संभालना मुश्किल बना रहा। हमें धक्का देकर दरगाह के अंदर धकेला गया और फिर वापस गाड़ी तक पहुंचाया गया। हम खुद से चल भी नहीं पा रहे थे। तो, हमारे कंट्रोल में कुछ भी नहीं था। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था। उस समय बहुत कुछ चल रहा था। हमने बस शाहरुख सर को पकड़ रखा था, हम ज्यादा कुछ नहीं कर पाए। धक्का-मुक्की हो रही थी।'शाहरुख खान के बाद के रिएक्शन के बारे में बात करते हुए, यूसुफ ने बताया कि सुपरस्टार बिल्कुल भी परेशान नहीं हुए। उन्होंने कहा 'उन्होंने मुझसे कभी कुछ नहीं कहा, न डांटा और न ही गुस्से में कोई रिएक्शन दिया। वह समझते हैं, उन्हें इसकी आदत है। वह जानते हैं कि लोगों का उनके लिए प्यार किसी भी हद तक जा सकता है। उन्हें इसकी बहुत आदत है।'

# राजपाल यादव के पास चुकाने के लिए थे पैसे



राजपाल यादव बीते दिनों एक चेक बाउंस केस को लेकर चर्चा में रहे।हालही में अभिनेता राजपाल यादव ने बताया उनके पैसा चेक बाउंस केस में चुकाने के लिए पैसे थे, इसके बावजूद वह जेल गए। ऐसा करने की वजह भी राजपाल यादव ने बताई। हाल ही में राजपाल यादव ने शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट पर अपनी कानूनी लड़ाई को लेकर बातचीत की है।

उनसे पूछा गया कि 5 करोड़ चुकाने में दिक्कत तो उन्हें नहीं आनी चाहिए थी? इस पर राजपाल यादव कहते हैं, 'सवाल ठीक यही है। जिस दिन लोग यह समझ जाएंगे, उस दिन वे मेरा पूरा मामला समझ जाएंगे। मुझे इसलिए जेल नहीं हुई कि मेरे पास पैसे नहीं थे। यह एक बड़े मुद्दे और उसूलों का मामला था।' कहते हैं, 'अगर यह 5 करोड़ का मसला होता, तो 2012 में ही निपट जाता। इस 5 करोड़ ने 17 करोड़ को डुबाने का काम किया है।' उनके साथ एक फिल्म प्रोजेक्ट में कुछ लोग जुड़े थे, जिन्होंने रिलीज में मुश्किल खड़ी की। वह कहते हैं, 'फिल्म इंडस्ट्री में 100 फिल्मों में से 20 चलती हैं, 80 फेल हो जाती हैं।

# थिएटर्स में हो सकती है रिलीज



टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ बातचीत के दौरान करिश्मा कपूर ने दशकों से इंडस्ट्री को करीब से देखने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज काम जुनून और उद्देश्य से जुड़ा है। मैं इंडस्ट्री में पली-बढ़ी हूं और मुझे कमर्शियल ब्लॉकबस्टर से लेकर एक्सपेरिमेंटल फिल्मों तक, हर तरह की भूमिकाएं निभाने का सौभाग्य मिला है। अब हर जगह मौजूद रहने के बजाय मैं उन प्रोजेक्ट्स को चुनती हूं जो मेरे दिल को छूते हैं।अभिनेत्री स्वीकार करती हैं कि अब समय उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण हो गया है। अब मैं समय को ज्यादा महत्व देती

# धुरंधर' से जुड़ी एक और फिल्म बना रहे हैं आदित्य धर





बॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर आदित्य धर अब अपनी सुपरहिट फिल्म 'धुरंधर' को लेकर कुछ नया और हटकर करने की तैयारी में हैं। हिंदुस्तान टाइम्स रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'धुरंधर' और उसके सीक्वल की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स इस फिल्म के बिहाइंड द सीन्स (BTS) यानी पर्दे के पीछे की पूरी कहानी को एक अलग फिल्म के रूप में थिएटर में रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं।इस खास फिल्म में दर्शकों को शूटिंग के अनदेखे पल, मेकिंग की झलकियां और स्टार्स के एक्सक्लूसिव इंटरव्यू देखने को मिलेंगे। खास बात ये है कि रणवीर सिंह और अर्जुन रामपाल जैसे बड़े सितारों के इंटरव्यू भी पहली बार इसी फिल्म में दिखाए जाएंगे।बताया जा रहा है कि मेकर्स इस बीटीएस फुटेज और इंटरव्यू को मिलाकर एक फुल-लेंथ फीचर फिल्म बना रहे हैं, जिसे 2026 के आखिर में सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। इसे OTT पर भी रिलीज किया जाएगा। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म की टीम अभी किसी भी तरह के मीडिया इंटरव्यू नहीं दे रही है, वे चाहते हैं कि दर्शक पहली बार सब कुछ इसी फिल्म में देखें। साथ ही, मेकर्स इस बात का भी पूरा ध्यान रख रहे हैं कि रिलीज से पहले कोई भी बीटीएस वीडियो लीक न हो।अगर ऐसा होता है, तो ये भारतीय सिनेमा में पहली बार होगा जब किसी फिल्म की 'मेकिंग' को ही बड़े पर्दे पर एक अलग फिल्म की तरह दिखाया जाएगा।



# ऑटो डेबिट नियम सख्त:

## ग्राहकों को अपने पैसे पर मिलेगा अधिक नियंत्रण आरबीआई ने लागू किए नए दिशा-निर्देश




आरबीआई ने ई-मैंडेट और ऑटो डेबिट से जुड़े नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत अब खाते से पैसा कटने से 24 घंटे पहले ग्राहक को पूरी जानकारी के साथ अलर्ट मिलेगा और वह चाहें तो भुगतान रोक भी सकेगा। नई व्यवस्था में ओटीटी, बीमा, ईएमआई और बिल जैसे सभी ऑटो भुगतान पर ग्राहकों का नियंत्रण बढ़ाया गया है और ई-मैंडेट को बदलना या बंद करना भी आसान किया गया है। पढ़िए रिपोर्ट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ई-मैंडेट से जुड़े नए दिशा-निर्देश मंगलवार से लागू कर दिए। नए नियमों के तहत, खाते से पैसा काटने (ऑटो डेबिट) से 24 घंटे पहले संबंधित बैंक या कार्ड जारी करने वाले वित्तीय संस्थानों को इसका अलर्ट ग्राहक को देना होगा। ये नियम उन सभी ऑटो भुगतान जैसे ओटीटी सब्सक्रिप्शन, बीमा प्रीमियम, बिल भुगतान, एसआईपी और ईएमआई पर लागू होंगे, जो कार्ड, यूपीआई या प्रीपेड माध्यमों से किए जाते हैं।

दरअसल, आरबीआई ने ऑटो डेबिट को आसान व सुरक्षित बनाने के लिए डिजिटल पेमेंट्स-ई-मैंडेट फ्रेमवर्क, 2026 जारी किया है। नए नियमों के जरिये ग्राहक कभी भी अपने ई-मैंडेट को बदल या पूरी तरह बंद कर सकते हैं। इससे उन्हें खाते से कटने वाले पैसों पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। यदि आपने कोई ऑटो डेबिट चालू किया है और अब बंद करना चाहते हैं, तो ई-मैंडेट रद्द या बदल सकते हैं। हालांकि, ऑटो डेबिट सुविधा शुरू करने से पूर्व ग्राहक को एकबार पंजीकरण कराना होगा। वहीं, डेबिट या क्रेडिट कार्ड एक्सपायर होने पर सब्सक्रिप्शन सेवाओं के लिए बार-बार बैंक के चक्कर काटने या एप अपडेट की जरूरत नहीं पड़ेगी। बैंक पुराने कार्ड के सभी भुगतान निर्देशों को नए कार्ड पर ट्रांसफर करेंगे। अगर ग्राहक चाहे तो इस अवधि में उस भुगतान को रोक भी सकता है। हालांकि, फास्टैग ऑटो रिचार्ज के मामलों में यह पूर्व सूचना जरूरी नहीं होगी।

# संयुक्त राष्ट्र का भरोसा:

## वैश्विक संकट के बावजूद भारत की स्थिति इस साल 6.4 फीसदी रहेगी आर्थिक वृद्धि दर




संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का इस साल 6.4 फीसदी और अगले साल 6.6 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिसमें मजबूत खपत और सेवा क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट में भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र की विकास प्रक्रिया का अहम इंजन बताया गया है। पढ़िए रिपोर्ट-पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। अगले साल यानी 2027 में वृद्धि की यह रफ्तार और बढ़कर 6.6 फीसदी पहुंच सकती है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर भरोसा जताते हुए कहा, आर्थिक वृद्धि के ये आंकड़े एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देश की निरंतर मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं।संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया-प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ीं। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 2024 में इन अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी। इससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।अब बैंक आपके पुराने ई-मैंडेट को सीधे आपके नए कार्ड पर मैप कर सकेंगे।

इकनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक-2026 शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारतीय जीडीपी 7.4 फीसदी की मजबूत रफ्तार से बढ़ी। इसे मजबूत खपत (विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग), जीएसटी दरों में कटौती और अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले निर्यात में तेजी से समर्थन मिला। हालांकि, भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं, क्योंकि अगस्त, 2025 में 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 फीसदी गिरावट आई। सेवा क्षेत्र वृद्धि का प्रमुख चालक बना रहा। महंगाई के मोर्चे पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा, भारत में मुद्रास्फीति इस साल 4.4 फीसदी और 2027 में 4.3 फीसदी रहेगी। व्यापार तनाव और अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटा है। 2024 में 0.6 फीसदी वृद्धि के बाद 2025 में क्षेत्र में एफडीआई दो फीसदी घट गया, जबकि वैश्विक स्तर पर 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे अधिक आकर्षित किए...वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं। इन देशों में क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर की निवेश घोषणाएं हुईं।एशिया-प्रशांत क्षेत्र के श्रमिकों की ओर से भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है।

# Gold-Silver Price

## सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट; चांदी 5700 रुपये टूटी, सोने के भाव में भारी नरमी



सर्राफा बाजार में शुक्रवार को बड़ी गिरावट दिखी। दिल्ली में चांदी 5,700 रुपये फिसल गई और सोने के भाव 1,600 रुपये कमजोर पड़े हैं। सोने-चांदी के ताजा भाव, वैश्विक बाजार का असर और विशेषज्ञों की राय जानने के लिए पढ़ें खबर। घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमतों में 5,700 रुपये की भारी गिरावट आई, जबकि सोने के भाव भी 1,600 रुपये तक लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और घरेलू बाजार में सुस्त मांग ने कीमती धातुओं की चाल को काफी हद तक धीमा कर दिया है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को चांदी (सफेद धातु) 2.2 प्रतिशत यानी 5,700 रुपये टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई। इन कीमतों में सभी कर शामिल हैं। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने के भाव में भी 1.01 प्रतिशत यानी 1,600 रुपये की कमी दर्ज की गई, जिसके बाद यह 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। घरेलू बाजार के विपरीत, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी में तेजी दिखी, जबकि सोना दबाव में रहा। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड मामूली गिरावट के साथ 4,786.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। जो बुलिश ट्रैक्शन की कमी को दर्शाता है। मजबूत अमेरिकी डॉलर और स्थिर ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड के कारण भी सोने पर दबाव बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार सतर्क बना हुआ है

# Iran War:

## ईरान संकट बीच भारत की नए बाजारों में जमने की तैयारी नीति आयोग की रिपोर्ट में दावा



ईरान संकट के बीच भारत कारोबार के लिए नए बाजारों में जमने की तैयारी में है। इसके लिए कनाडा, इस्राइल, श्रीलंका, पेरू, चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम हो रहा है। फिलीपींस और मालदीव के साथ भी बातचीत आगे बढ़नी है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी अमेरिका (विशेषकर अमेरिका) और यूरोप (नीदरलैंड्स के नेतृत्व में) जैसे पारंपरिक बाजार निर्यात के प्रमुख आधार बने रहे। उत्तर-पूर्व एशिया और पूर्वी अफ्रीका जैसे उभरते क्षेत्र महत्व प्राप्त कर रहे हैं। यह धीरे-धीरे विविधीकरण को दर्शाता है। मुक्त व्यापार समझौतों के जरिये भारत का कुल व्यापार 2024 में बढ़कर 28.8 फीसदी पहुंच गया, जो 2006 में 4.6 फीसदी था। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता लागू हो जाने के बाद यह हिस्सेदारी और बढ़ेगी।भारत के कुल निर्यात-आयात में खाड़ी क्षेत्र की करीब 12 फीसदी है। इसमें यूएई (निर्यात 7.5 फीसदी एवं आयात 6.1 फीसदी) और सऊदी अरब (निर्यात 2.36 फीसदी व आयात 3.9 फीसदी) प्रमुख साझेदार हैं। यूएई एक प्रमुख पुनः निर्यात केंद्र के रूप में कार्य करता है,

## IPL: धोनी करेंगे विकेटकीपिंग तो सैमसन का क्या होगा रोल? अश्विन ने किया खुलासा; CSK-MI मैच से पहले बढ़ा रोमांच




सीएसके के पूर्व खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने धोनी की वापसी को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने साफ कहा कि धोनी विकेटकीपर के रूप में टीम में लौटेंगे, जिससे सैमसन की भूमिका बदल सकती है। अश्विन ने कहा, 'मैंने आज तक धोनी को नेट्स में विकेटकीपिंग करते नहीं देखा था। अब वह विकेटकीपिंग कर रहे थे, इसका मतलब है कि वह ग्लव्स पहनेंगे और सैमसन को आउटफील्ड में जाना होगा या फिर वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आ सकते हैं। मैं 100 प्रतिशत निश्चित हूं कि वह अगले मैच में खेलेंगे। मैंने सुना है कि वह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं।'

एमएस धोनी की आईपीएल 2026 में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। रविचंद्रन अश्विन ने दावा किया है कि धोनी विकेटकीपर के रूप में खेलेंगे, जिससे सैमसन की भूमिका बदल सकती है। वहीं कोच हसी और मांजरेकर ने भी अपनी-अपनी राय दी है। मुंबई के खिलाफ मुकाबले से पहले इस खबर ने रोमांच बढ़ा दिया है। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में वापसी कर सकते हैं। लंबे समय से चोट के कारण बाहर चल रहे धोनी अब पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं और नेट्स में विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी करते दिखे हैं। टीम के साथ लगातार यात्रा कर रहे धोनी की फिटनेस में सुधार साफ दिख रहा है। हाल ही में सीएसके ने उनका एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें वह विकेट के पीछे शानदार स्टंपिंग करते नजर आए।

## SRH vs DC: राहुल-नीतीश की चूक और खराब फील्डिंग बनी दिल्ली की हार की वजह? कोच राव और कप्तान अक्षर ने खोली पोल

दिल्ली कैपिटल्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार के बाद कोच वेणुगोपाल राव और कप्तान अक्षर पटेल ने टीम की कमजोरियों को खुलकर स्वीकार किया। धीमी पावरप्ले बल्लेबाजी और खराब फील्डिंग को हार की मुख्य वजह बताया गया। अभिषेक शर्मा को मिले जीवनदान ने मैच का रुख बदल दिया, जबकि टीम मैनेजमेंट ने इसे सिर्फ एक खराब दिन मानकर आगे बढ़ने की बात कही। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की टीम पूरी तरह लड़खड़ा गई। इस हार के बाद टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट वेणुगोपाल राव और कप्तान अक्षर पटेल दोनों ने खुलकर टीम की कमियों को सामने रखा।




खास तौर पर टॉप ऑर्डर की धीमी बल्लेबाजी और खराब फील्डिंग को हार की सबसे बड़ी वजह बताया गया। वेणुगोपाल राव ने साफ कहा कि मैच की दिशा पहले छह ओवर में ही तय हो गई थी। दिल्ली की टीम पावरप्ले में सिर्फ 59 रन ही बना सकी, जो इतने बड़े लक्ष्य के हिसाब से काफी कम था। उन्होंने कहा, 'जब आप 240 से ज्यादा का लक्ष्य चेज कर रहे होते हैं, तो पहले छह ओवर में मजबूत शुरुआत बेहद जरूरी होती है। मुझे लगता है कि हम उस दौरान 15 से 20 रन पीछे रह गए। ऐसे टोटल का पीछा करने के लिए आपको पावरप्ले के अंत तक 80 या 90 रन के करीब होना चाहिए। हमारी बल्लेबाजी की गहराई को देखते हुए हम वहां से मैच जीत सकते थे, लेकिन 59 रन काफी नहीं थे। हमने एक बड़ा मौका गंवा दिया।'

## IPL 2026: श्रेयस अय्यर बनेंगे टी20 टीम के कप्तान? चर्चा के बीच बोले जहीर खान- पहले प्लेइंग-11 में जगह तो बनाओ




श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स शानदार प्रदर्शन कर रही है, जिससे उनकी भारतीय टीम में वापसी और कप्तानी की चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, जहीर खान ने उन्हें सलाह दी है कि पहले टीम में अपनी जगह पक्की करें और फिर कप्तानी के बारे में सोचें।आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर शानदार फॉर्म में हैं। उनकी कप्तानी में टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और इस सीजन में अब तक अजेय बनी हुई है। पिछले सीजन (2025) में भी उन्होंने टीम को 11 साल बाद फाइनल तक पहुंचाया था। ऐसे में अब अय्यर को लेकर काफी चर्चा हालांकि, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि अय्यर को अभी कप्तानी के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि सबसे पहले टीम इंडिया में अपनी जगह मजबूत करना जरूरी है।शुरू हो चुकी है। उन्हें भारतीय टी20 में वापस बुलाने और सूर्यकुमार यादव की जगह कप्तानी सौंपने को लेकर खूब चर्चा हो रही है।जहीर खान ने क्रिकबज से कहा, 'सबसे पहले उनके दिमाग में टी20 सेटअप का हिस्सा बनना होगा। कप्तानी के बारे में वह अभी सोच रहे हैं या नहीं, मुझे नहीं पता। वह भविष्य में दावेदार हो सकते हैं, क्योंकि उन्होंने फ्रेंचाइजी टीमों की कप्तानी की है और



सफल भी रहे हैं। इसलिए उनके पास वह मानसिकता है।जहीर ने कहा, 'जब आप भारतीय टी20 टीम की बात करते हैं, तो उन्हें सबसे पहले एक खिलाड़ी के रूप में अपने प्रदर्शन से प्रभाव डालने के बारे में सोचना चाहिए ताकि टीम में जगह पक्की कर सकें। जब आप टीम में होंगे, तब बाकी चीजें टीम मैनेजमेंट पर निर्भर करती हैं।'इसी साल मार्च में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप की विजेता भारतीय टीम में श्रेयस अय्यर शामिल नहीं थे। ऐसे में उनके लिए सबसे बड़ा लक्ष्य अब टीम में वापसी करना है। पंजाब किंग्स ने हाल ही में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 54 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में टीम ने 254/7 का विशाल स्कोर बनाया, जो इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान प्रियांश आर्य और कूपर कोनोली ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों के बीच 182 रन की साझेदारी हुई, जिसने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने अपनी टीम की रणनीति और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास पर बात की। उन्होंने कहा, 'शानदार साझेदारी रही, कुछ शॉट्स तो देखने लायक थे। तेज गेंदबाजों के खिलाफ बैकफुट पर सीधे शॉट लगाना कमाल था। मिडिल ओवर्स में संयम शानदार था।' आगे उन्होंने टीम के माहौल के बारे में बताया, 'मैं कूपर और आर्य से बात कर रहा था कि चलो सबसे ज्यादा छक्के लगाने की प्रतिस्पर्धा करते हैं। इनाम मेरा बल्ला होगा। यह शायद ज्यादा मायने नहीं रखता, लेकिन उम्मीद है कि इससे हमें खुशी मिलेगी। जब आप खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं, तो वे प्रदर्शन करते हैं।

## अभिषेक ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी: कोहली से लेकर वॉर्नर-क्लासेन की बराबरी पर पहुंचे, T20 में पूरे किए 350 छक्के

सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी है। अभिषेक ने विराट कोहली के साथ ही डेविड वॉर्नर तक की बराबरी कर ली है। आईपीएल-2026 के 31वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तूफानी शतक लगाते हुए रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। अभिषेक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 68 गेंदों में 198 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए नाबाद 135 रन बनाए। अपनी इस पारी में अभिषेक ने 10 चौके और 10 गगनचुंबी छक्के लगाए। अभिषेक आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गए हैं। अभिषेक से पहले डेविड वॉर्नर और हेनरिक क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए दो-दो शतक लगाए हैं। इतना ही नहीं, अभिषेक ने आईपीएल इतिहास का पांचवां सर्वोच्च स्कोर भी बना लिया है।

अभिषेक ने टी20 क्रिकेट में यह नौवां शतक लगाया है। इस शतक के साथ ही अभिषेक ने विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वह भारत की ओर से टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले संयुक्त रूप से पहले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली और अभिषेक ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में नौ शतक लगाए हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने इस फॉर्मेट में 22 शतक लगाए हैं। अभिषेक शर्मा ने टी20 क्रिकेट में 350 छक्के भी पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही आईपीएल में अभिषेक ने दूसरी बार एक पारी में 10 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में अभिषेक से आगे सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिन्होंने चार बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाने का कारनामा किया है। वहीं, टी20 क्रिकेट में अभिषेक ने पांचवीं बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाने के साथ ही श्रेयस अय्यर (4) को पीछे छोड़ दिया है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

